देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 159 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
रिश्तों की मजबूती पर दें ज्यादा ध्यान



देहरादून, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 22.0°
65508.32
2 ताइवान ने बनाई पहली स्वदेशी पनडुब्बी
7 गिल बाबर को छोड़ देगा पीछे

# साल के अंत तक नेशनल हाईवे होगा गड्ढा मुक्त

## नितिन गडकरी बोले– इंजीनियरिंग के छात्र करेंगे रोड सेफ्टी ऑडिट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि इस साल दिसंबर तक 1.46 लाख किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) को गड्ढा मुक्त कर दिया जाएगा। इस योजना को सफल बनाने के लिए युवा इंजीनियरों की मदद ली जाएगी और उन्हें एनएच को गड्ढा मुक्त रखने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

**रोबोट की मदद से होगी नालों की सफाई:** नई दिल्ली में गुरुवार को गडकरी ने कहा कि बारिश की वजह से एनएच पर गड्ढे हो जाते हैं और इस समस्या को दूर करने के लिए नई नीति लाई गई है। बारिश की वजह से एनएच के पास के नाले जाम हो जाते हैं। रोबोट की मदद से इन नालों की जांच व सफाई का काम किया जाएगा। राजमार्ग के अतिक्रमण को भी समाप्त किया जाएगा क्योंकि इस कारण कई बार दुर्घटना हो जाती है। जल्द ही एनएच के सेफ्टी ऑडिट का काम आईआईटी व अन्य इंजीनियरिंग कालेज के छात्रों को दिया जाएगा। इससे सरकार का काम कम लागत में हो जाएगा और छात्रों को नौकरी भी मिलेगी।

**कई एक्सप्रेस वे में हुआ कचरे का इस्तेमाल:** उन्होंने बताया कि दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे और अहमदाबाद–धोलेरा एक्सप्रेस वे के निर्माण में शहर के कचरे का इस्तेमाल किया गया। दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे बनाने में दिल्ली शहर के 30 लाख टन कचरे का इस्तेमाल किया गया। इस कारण दिल्ली के गाजीपुर स्थित कचरे वाले पहाड़ की ऊंचाई सात मीटर कम हो गई। केंद्रीय परिवहन मंत्री 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर एक पॉलिसी भी लेकर आ रहे हैं। जिसमें देशभर के कचरे को सड़क बनाने में इस्तेमाल करने की नीति तैयार करेंगे।

**हरित ईंधन से चलने वाले निर्माण उपकरण को बनाने पर जोर:** गडकरी ने कहा कि निर्माण कार्य में इस्तेमाल होने वाली मशीन में सालना 400 करोड़ लीटर डीजल की खपत होती है। इसलिए वह हरित ईंधन से चलने वाले निर्माण उपकरण को बनाने के लिए इंसेंटिव देने के लिए एक प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। इस संबंध में वित्त मंत्रालय से भी बातचीत की जाएगी।





### सड़क निर्माण में होगा कचरे का इस्तेमाल

गडकरी ने कहा कि सरकार शहर के ठोस कचरे का इस्तेमाल सड़क निर्माण में करने जा रही है। इस दिशा में भी एक नीति लाई जा रही है जिसके तहत शहरों के ठोस कचरे से प्लास्टिक, शीशा व एल्युमीनियम को अलग कर लिया जाएगा और इनका इस्तेमाल सड़क निर्माण में होगा। बाकी कचरे से बायोफ्यूल का उत्पादन किया जाएगा। इससे कचरे का निस्तारण भी होगा और पर्यावरण को भी स्वच्छ रखा जा सकेगा। ठोस कचरे से शीशा, प्लास्टिक को अलग करने के लिए नगर निगम को 40–50 लाख रुपए का प्लांट लगाना होगा। शहरी विकास मंत्रालय व अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर इस नीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों की मैपिंग पूरी: अनुराग जैन

सड़क परिवहन और राजमार्ग सचिव अनुराग जैन ने कहा कि मंत्रालय ने 1,46,000 किलोमीटर की लंबाई वाले पूरे राष्ट्रीय राजमार्गों की मैपिंग कर ली है और इस साल दिसंबर तक गड्ढों को मुक्त करने के लिए अनुबंधों को मजबूत कर रहा है। मालूम हो कि ईपीसी परियोजनाओं में सरकार राजमार्ग के निर्माण के लिए डेवलपर को भुगतान करती है, जबकि टोल राजस्व सरकार को मिलता है। आपको बता दें, इसपर नितिन गडकरी ने आगे कहा कि सरकार जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण निर्माताओं को प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुली के बाद अब कारपेंटर बने राहुल गांधी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में लगे राहुल गांधी लगातार जमीनी स्तर पर लोगों से संपर्क करने में लगे हुए हैं। अब एक तस्वीर में राहुल गांधी बढ़ई बनकर आरी चलाते नजर आ रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस सांसद ने दिल्ली के कीर्ति नगर में स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट में लकड़ी के कारीगरों से गुरुवार को मिलने पहुंचे। इस दौरान राहुल गांधी ने कारीगरों से बातचीत की है।

### रमेश बिधूड़ी को नफरत फैलाने का मिला इनाम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भाजपा ने विवादित टिप्पणी मामले में घिर सांसद रमेश बिधूड़ी को राजस्थान के टोंक में चुनावी जिम्मेदारी सौंपी है। इसको लेकर आज बसपा सांसद दानिश अली ने बिधूड़ी और भाजपा पर निशाना साधा है। दानिश ने कहा कि नफरत फैलाने वाले को भाजपा ने पुरस्कृत किया है।

# कुछ नहीं मिला तो क्या पीएम मोदी देंगे इस्तीफा

## बगले की जांच पर केजरीवाल का पलटवार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन की जांच सीबीआइ कर रही है। सीबीआई ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। अब इसे लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया सामने आई है। सीएम केजरीवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे ऊपर 33 से ज्यादा केस कर दिये हैं। मैं झुकने वाला नहीं हूं। ये भी जांच कर लें, कुछ भी नहीं निकलेगा। बीजेपी सरकार डराने की कोशिश कर रही है मैं डरने वाला नहीं हूं। मैं झुकने वाला नहीं हूं। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी उन्हें तोड़ने की कोशिश कर रही है।

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह दिखाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घबराए हुए हैं। सीएम ने आगे कहा, यह पहली जांच नहीं है। उनलोगों ने 50 से ज्यादा जांच की है। उनलोगों ने 33 से ज्यादा केस मेरे खिलाफ दर्ज कर लिये हैं। इनकी पिछले 8 सालों से जांच हो रही है लेकिन कुछ भी नहीं मिला है। इसलिए इन्होंने एक नई जांच शुरू कर दी है। इसका भी स्वागत है। इसमें भी कुछ नहीं मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने पीएम मोदी को चुनौती देने के अंदाज में कहा कि अगर बंगले के रेनोवेशन की जांच में कुछ नहीं मिला तो पीएम मोदी इस्तीफा देंगे?

बता दें कि सीबीआई ने सीएम अरविंद केजरीवाल के नए सरकारी आवास के निर्माण के संबंध में प्रारंभिक जांच दर्ज की है।

### सीबीआई ने कागज दिखाने को कहा

सीबीआई की भ्रष्टाचार रोधी शाखा ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर उससे आवास से संबंधित रिकॉर्ड मांगे हैं जिनमें बदलाव के संबंध में उसके अधिकारियों की सिफारिश और मंजूरी, निविदा दस्तावेज, ठेकेदारों द्वारा लगाई गई बोली, भवन योजना को मंजूरी और मॉड्यूलर रसोईघर, मार्बल का फर्श और अन्य सजावटी कार्य जैसी बेहतर विशिष्टताओं के लिए ग्राहक से अनुरोध शामिल हैं। एजेंसी ने पीडब्ल्यूडी से ठेकेदार एके बिल्डर्स और परियोजना के सलाहकार को किए गए भुगतान से संबंधित रिकॉर्ड जमा करने को भी कहा। साथ में कई अन्य दस्तावेज भी मांगे हैं।

# नहीं रहे हरित क्रांति के जनक

संवाददाता

नई दिल्ली। देश में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का निधन हो गया है। स्वामीनाथन को फादर ऑफ ग्रीन रिवॉल्यूशन भी कहा जाता है। हरित क्रांति की वजह से कई राज्यों में कृषि उत्पादों में इजाफा हुआ था।

वैज्ञानिक स्वामीनाथन का निधन 98 साल की उम्र में लंबे समय से बीमार रहने के चलते हुआ। एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने बताया कि मशहूर कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। स्वामीनाथन अपने पीछे तीन बेटियों को छोड़ गए हैं।

**धान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका:** स्वामीनाथन ने देश में धान की फसल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में बड़ा योगदान दिया था। इस पहल के चलते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को काफी मदद मिली थी।

### दुखद

■स्वामीनाथन को कहा जाता था फादर ऑफ ग्रीन रिवॉल्यूशन

**पीएम मोदी ने जताया शोक**

स्वामीनाथन के निधन की खबर सुनते ही पीएम मोदी भी दुखी हुए। पीएम ने कहा कि उन्होंने हमेशा देश के लिए काम किया। पीएम ने कहा कि स्वामीनाथन ने कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व काम करते हुए हजारों लोगों की जिंदगी संवारी।

**संभाले थे कई प्रमुख पद:** स्वामीनाथन अपने कार्यकाल के दौरान कई प्रमुख पदों पर काबिज रहे थे। वो भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान का निदेशक (1961–1972), आईसीआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव (1972–79), कृषि मंत्रालय के प्रधान सचिव (1979–80) नियुक्त किया गया था। वो पदम श्री, पदम भूषण और पदम विभूषण तक से सम्मानित हो चुके हैं।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# मैं आज इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता: गार्सेटी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

अमेरिकी दूतावास ने दस लाख गैर–आप्रवासी वीजा के लक्ष्य को पार किया

नई दिल्ली। भारत में अमेरिकी मिशन ने गुरुवार (28 सितंबर) को बताया कि उसने इस साल दस लाख गैर–आप्रवासी वीजा आवेदनों की प्रक्रिया के अपने लक्ष्य को पार कर लिया है।

राजदूत एरिक गार्सेटी ने गुरुवार को व्यक्तिगत रूप से एक कपल को दस लाखवां वीजा सौंपा। डॉ. रंजू सिंह और पुनीत दर्गन नाम के कपल को अमेरिका एमआईटी में अपने बेटे के स्नातक समारोह में भाग लेने के लिए यह वीजा दिया गया है।

लेडी हार्डिंग कॉलेज की वरिष्ठ सलाहकार डॉ. रंजू सिंह को अमेरिकी दूतावास से इस साल दस लाखवां वीजा मिला। वहीं, उनके पति पुनीत दर्गन को अगला वीजा दिया गया। यह कपल साल 2024 में अमेरिका की यात्रा करेगा। इस कपल को 'मिस्टर एंड मिसेज वन मिलियनथ' के कह कर बधाई देते हुए राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका के लिए उनकी यात्रा योजनाओं के बारे में पूछा। साथ ही उन्होंने कपल को अमेरिका में घूमने की जगहों के बारे में बताया। राजदूत गार्सेटी ने कहा, मैं आज इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान और रूस एलपीजी की डिलिवरी पर अब आमने सामने हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान और रूस एलपीजी की डिलिवरी पर अब आमने सामने हैं। राजधानी इस्लामाबाद में रूस के दूतावास की तरफ से बताया गया है कि एलपीजी की पहली खेप हासिल हो गई है। रूस की तरफ पाकिस्तान को मिली यह दूसरी एनर्जी सप्ध्लाई है। एलपीजी की रूस से पहले ईरान पहुंची और फिर पाकिस्तान आई है। लेकिन अब इसी विषय पर दोनों देश आमने–सामने हैं। पाकिस्तान को रूस से एक लाख मीट्रिक टन गैस की सप्लाई हुई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक इस साल की शुरुआत में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत पाकिस्तान को कच्चे तेल की पहली डिलीवरी के बाद गैस की सप्लाई की गई है। रूस के दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने ईरान के सरख्स स्पेशल इकोनॉमिक जोन से पाकिस्तान को गैस की आपूर्ति की है। वहीं दूसरी खेप पर अभी बातचीत जारी है। गैस की डिलिवरी ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान भयानक भुगतान संतुलन संकट से गुजर रहा है। यह ऊर्जा आयात पाकिस्तान के अधिकांश बाहरी भुगतानों को पूरा करता है।

### स्पेस में एक साल बिता कर वापस पृथ्वी पर लौटे तीन अंतरिक्ष यात्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केप केनावेरल। नासा के एक अंतरिक्ष यात्री और दो रूसी अंतरिक्ष यात्री एक साल से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने के बाद बुधवार को पृथ्वी पर लौट आए। इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी नागरिक फ्रैंक रूबियो ने सबसे लंबी अमेरिकी अंतरिक्ष उड़ान का रिकॉर्ड बनाया। तीनों अंतरिक्षयात्री कजाकिस्तान के एक दूरदराज के इलाके में एक सोयुज कैप्सूल से उतरे। उनका मूल अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष के मलबे की चपेट में आ गया था और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उसका सारा कूलेंट खत्म हो गया था जिसके बाद सोयुज कैप्सूल का इस्तेमाल किया गया। जो मिशन 180 दिन का होना चाहिए था वह 371 दिन के प्रवास में बदल गया। रुबियो ने एक अंतरिक्ष उड़ान के सबसे अधिक समय तक रहने के नासा के पिछले रिकॉर्ड को रखने वाले मार्क वंदे हेई की तुलना में अंतरिक्ष में दो सप्ताह अधिक समय बिताया। रूस का 1990 के दशक के मध्य का 437 दिन अंतरिक्ष प्रवास का विश्व रिकॉर्ड है। रूबियो और अंतरिक्ष यात्रियों सर्गेई प्रोकोपयेव और दमित्री पेतेलिन को वापस धरती पर लाने वाले सोयुज कैप्सूल को प्रतिस्थापन के रूप में फरवरी में भेजा गया था।

### पाकिस्तान के ऐलान से घबराया तालिबान, 200 टीटीपी आतंकियों को किया अरेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। तहरीक एक तालिबान पाकिस्तान के हमलों में लगातार वृद्धि देखी गई है। इस बीच पाकिस्तान की सरकार ने 11 लाख अफगानी शरणार्थियों को वापस भेजने का फैसला किया, जिसके तुरंत बाद तालिबान एक्शन में आ गया है। पाकिस्तान जब भी ज्ज्च आतंकियों पर एक्शन की बात कहता था, तालिबान का जवाब होता था कि उसके यहां कोई भी आतंकी नहीं हैं। लेकिन शरणार्थियों को वापस भेजने की धमकी के बाद तालिबान ने 200 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। अफगान तालिबान ने कहा कि उसने पाकिस्तान के खिलाफ घातक हमला करने के लिए 200 संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा है। आतंकी गतिविधियों को निष्प्रभावी करने के लिए अन्य ठोस कदम उठाए गए हैं। काबुल में पिछले सप्ताह तालिबान और पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत हुई थी।

### चीनी हैकरों ने 60,000 अमेरिकी सरकार के ईमेल चुराए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। सीनेट के एक कर्मचारी ने बुधवार को रॉयटर्स को बताया कि इस साल की शुरुआत में माइक्रोसॉफ्ट के ईमेल प्लेटफॉर्म को नष्ट करने वाले चीनी हैकरों ने अमेरिकी विदेश विभाग के खातों से हजारों ईमेल चुरा लिए। बुधवार को विदेश विभाग के आईटी अधिकारियों की एक ब्रीफिंग में भाग लेने वाले कर्मचारी ने कहा कि अधिकारियों ने सांसदों को बताया कि विदेश विभाग के 10 अलग–अलग खातों से 60,000 ईमेल चोरी हो गए थे।

# भारत के चांद पर कदम रखने को नहीं पचा पा रहा चीन


**बौखलाहट**

## दक्षिणी ध्रुव पर उतरने को बताया झूठा, अपनों ने लताड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीजिंग। भारत के चांद पर कदम रखने को चीन पचा नहीं पा रहा है। चीन की कोशिश है कि वह जल्द से जल्द्द चांद पर अपनी बस्ती बसाकर वहां की बर्फ और हीलियम के खजाने को लूट ले। चीन का यह दांव फेल होता नजर आ रहा है और अमेरिका के बाद अब उसे भारत से भी कड़ी चुनौती मिलने लगी है। भारत के चंद्रयान–3 के चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव के पास उतरने को चीन के वैज्ञानिक ने अब झूठा बता दिया है। चीन के वैज्ञानिक ने यह दावा ऐसे समय पर किया है जब भारत विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को फिर से सक्रिय करने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रहा है।

चीन के अंतरिक्ष वैज्ञानिक ओयूयांग जियूआन ने बुधवार को यह दावा किया। जियूआन चीन के पहले चंद्र मिशन के मुख्य वैज्ञानिक रह चुके हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत के चंद्रयान 3 ने न तो दक्षिणी



ध्रुव पर या न ही उसके पास लैंडिंग की है। चीनी वैज्ञानिक ने कहा, चंद्रयान–3 का लैंडिंग साइट चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव नहीं था। न ही चंद्रमा का ध्रुवीय इलाका या अंटारकटिक का ध्रुवीय इलाका। जियूआन चीन के अकादमी ऑफ साइंसेज के सदस्य हैं।

**चांद के दक्षिणी ध्रुव पर क्या है चीनी वैज्ञानिक का दावा:** चीनी वैज्ञानिक का दावा उनकी इस मान्यता पर आधारित है कि चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव कहां पर है। धरती पर यह तय है कि 66.5 और 90 डिग्री के बीच का दक्षिण का इलाका दक्षिणी ध्रुव है। चीनी वैज्ञानिक अपने दावे के समर्थन में दलील देते हैं कि चूंकि चंद्रमा 1.5 डिग्री झुका है, ऐसे में उसका दक्षिणी ध्रुव का इलाका ध रती के मुकाबले बहुत छोटा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का मानना है कि चंद्रमा का दक्षिणी इलाका 80 से 90 डिग्री के बीच है। वहीं चीनी वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि यह 88.5 से 90 डिग्री के बीच है जो काफी छोटा है।

जियूआन कहते हैं कि यह चंद्रमा के 1.5 डिग्री झुकाव की वजह से है। चीनी वैज्ञानिक के इस दावे से जलन की बू आ रही है। अब तक दुनिया के किसी भी वैज्ञानिक ने भारत के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने के दावे का खंडन नहीं किया है। यही नहीं नासा और यूरोपीय स्ध्पेस एजेंसी ने तो इसरो के वैज्ञानिकों की जमकर तारीफ की है। भारत ने पहले ही दिन से साफ कर दिया था कि विक्रम लैंडर 70 डिग्री अक्षांस पर उतरेगा। यह चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास स्थित है। वहीं चीन के ही हांगकांग यूनिवर्सिटी के स्ध्पेस रीसर्य लेब्रोटरी ने चीनी वैज्ञानिक जियूआन के दावे को खारिज कर दिया है। लेब्रोटरी के चीनी वैज्ञानिक क्वेंटिन पार्कर कहते हैं कि जिस क्षण आप दक्षिणी ध्रुव के नजदीक अपना रोवर उतारते हैं, जिसे दक्षिणी ध्रुव माना गया है, वह अपने आप में ही बड़ी उपलब्धि है।

## चीन से युद्ध का खतरा, ताइवान ने बनाई पहली स्वदेशी पनडुब्बी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताइपे। ताइवान ने अपनी पहली स्वदेशी पनडुब्बी को दुनिया के सामने पेश कर दिया है। गुरुवार को ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग वेन ने इस पनडुब्बी की जमकर तारीफ की और कहा कि यह चीनी सेना के हमले के बढ़ते खतरे के बीच प्रतिरोधक क्षमता मुहैया कराएगी।

ताइवान के काओहसिंग शहर में स्थित शिपयार्ड में आयोजित कार्यक्रम में इस डीजल इलेक्ट्रिक सबमरीन का अनावरण किया गया। इसका नाम नारवॉल या समुद्री राक्षस दिया गया है। ताइवानी राष्ट्रपति ने कहा कि यह सबमरीन देश की रक्षा की दिशा में ठोस प्रतिबद्धता को दिखाती है। ताइवान की राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारी नौसेना के लिए भविष्य की तैयारियों के लिहाज से एक प्रमुख हथियार है। उन्होंने कहा कि पिछले कई साल से लोग यह सोचते थे कि पनडुब्बी बनाना हमारे लिए असंभव है लेकिन हमने यह कर दिखाया है।

त्साई इंग वेन के लिए यह बेहद खास मौका इसलिए भी था क्योंकि साल 2016 में जब वह सत्ता में आई थीं, तब उन्होंने सबमरीन को बनाने का आदेश दिया था। ताइवानी सेना के प्रमुखों ने भी उम्मीद जताई कि यह सबमरीन चीन को हमला करने से रोकने में बहुत कारगर साबित होगी।




## अंटार्कटिका में श्रमिकों को बार से शराब खरीदने पर लगा प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। दुनिया की सबसे ठंडी जगह अंटार्कटिका है। बर्फ की चादर में लिपटी हुई यह जगह अपनी खूबसूरती के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। अंटार्कटिका में रहना आसान नहीं है क्योंकि यहां का मौसम काफी दुर्लभ है। हालांकि बर्फ से घिरे अंटार्कटिका में यौन उत्पीड़न के कई मामले सामने आए हैं। इस मामले पर एक्शन लेते हुए अनुसंधान कार्यक्रम की देखरेख करने वाली एक संघीय एजेंसी ने रविवार से अंटार्कटिका में मुख्य संयुक्त राज्य अमेरिका बेस पर शराब नहीं परोसने का फैसला किया है। नेशनल साइंस फाउंडेशन ने पुष्टि की है कि मैकमुर्डो स्टेशन पर पूरी तरह से शराब बंद नहीं किया जाएगा। शोधकर्ता और सहायक कर्मचारी अभी भी स्टेशन स्टोर से शराब का साप्ताहिक राशन खरीद सकेंगे।

# कनाडा की पुलिस ने सरे में आईएसआई एजेंट के ऑफिस में की छानबीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। भारत और कनाडा के बीच तनाव जारी है और इसमें फिलहाल कमी आने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय एजेंट्स को खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या दोषी बता दिया। जबकि उनके देश की एजेंसियां इस सिलसिले में पाकिस्तान की इंटेलीजेंस आईएसआई के एक एजेंट से पूछताछ कर रही थीं। ट्रूडो के आरोपों के बाद से ही भारत के साथ टेंशन बरकरार है। पीएम ने आरोप तो लगा दिए लेकिन एक हफ्ते बाद भी उन्हें साबित करने वाले सबूत मुहैया नहीं कराए हैं। साथ ही एजेंसियां भी इस पूरे मामले में अभी तक माथापच्ची कर रही हैं।

**पुलिस ने सार्वजनिक रूप से ऑफिस आने की वजह नहीं बताई**

**ऑफिस की ली गई तलाशी**

सूत्रों के हवाले से बताया है कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने सरे में राहत राव के ऑफिस में छानबीन की। साथ ही निज्जर की हत्या के मामले में उनसे दो घंटे तक पूछताछ की। सूत्रों की मानें तो राव को आरसीएमपी ने अपने सोशल मीडिया पेजों से सभी पोस्ट हटाने के लिए कहा। सूत्र के मुताबिक आरसीएमपी ने सार्वजनिक रूप से राव के ऑफिस आने की वजह नहीं बताई। लेकिन कहीं न कहीं राव के ऑफिस का दौरा निज्जर की हत्या के बारे में जानकारी जुटाने से जुड़ा था। सरे पुलिस, आरसीएमपी और कैनेडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस के जांचकर्ताओं ने इस दिशा में काफी माथापच्ची की। भारत ने साल 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था।

सूत्रों का कहना है कि हो सकता है निज्जर की हत्या व्यावसायिक कारणों से की गई हो। राव और कियानी नशीली दवाओं के कारोबार को नियंत्रित करना चाहते थे और हो सकता है इस वजह से निज्जर को मारा गया हो। कहा जाता है कि राव, कियानी और गुरपतवंत सिंह पन्नून की तिकड़ी ने ड्रग और इमीग्रेशन बिजनेस को कंट्रोल करने के लिए जाल बिछाया था। ये गैर–कानूनी धंधे ही उनकी आय का मुख्य स्त्रोत हैं।

### गंभीर पर्यावरणीय नुकसान हो सकता है: वैज्ञानिक


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। जापान के शोधकर्ताओं ने पुष्टि की है कि बादलों में माइक्रोप्लास्टिक्स मौजूद हैं। माइक्रोप्लास्टिक्स बादलों के जरिए धरती पर जलवायु को प्रभावित कर रहे हैं. हालांकि, शोधकर्ता अभी तक इसे पूरी तरह से समझ नहीं आए हैं। एनवायर्नमेंटल केमिस्ट्री लेटर्स में प्रकाशित एक शोध में, वैज्ञानिकों ने माउंट फूजी और माउंट ओयामा की चोटियों पर चढ़ाई करके बादलों से पानी इकट्ठा किया। इसके बाद उनके भौतिक और रासायनिक गुणों का पता लगाने के लिए नमूनों की इमेजिंग तकनीक से जांच की। टीम ने वायुजनित माइक्रोप्लास्टिक्स में नौ अलग–अलग तरह के पॉलिमर और एक तरह के रबर की पहचान की। इसका आकार 7.1 से 94.6 माइक्रोमीटर तक है। बादल के हर एक लीटर पानी में प्लास्टिक के 6.7 से 13.9 टुकड़े होते हैं। इसके अलावा, बादलों में हाइड्रोफिलिक या पानी में पाया जाने वाला पॉलिमर प्रचुर मात्रा में था।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# केदार घाटी के कण–कण में भगवान शिव का वासः राज्यपाल

**निरीक्षण**

## राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

राज्यपाल ने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) गुरुवार को बाबा केदारनाथ के दर्शनों को केदारनाथ धाम पहुचें। उन्होंने बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व एवं जन कल्याण के कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया।

एकदिवसीय दौरे पर बाबा केदारनाथ धाम के दर्शनों को पहुंचे राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) का जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विशाखा वीआईपी हैलीपैड पर स्वागत किया। ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों



का अभिनंदन करने के बाद राज्यपाल तीर्थ पुरोहित समाज से मिले। पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया।

राज्यपाल ने सभी तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद बाबा केदारनाथ मंदिर में प्रवेश कर विशेष पूजा अर्चना कर संपूर्ण विश्व एवं मानवता के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा। पूजा अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाए, उन्होंने श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए कहा कि शिवभक्त से बड़ा इस दुनिया में कोई भी नहीं है। केदार घाटी के व्यंगम दृश्य से प्रभावित होकर राज्यपाल ने कहा कि केदार घाटी के कण– कण में भगवान भोलेनाथ का वास है। यहां के पर्वतों में भगवान शिव की छवि दिखती है। यह भगवान केदारनाथ की महिमा ही है कि केदारपुर में पहुंचते ही मनुष्य ध्यान मग्न होने लगता है। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी से केदारपुरी में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने उन्हें विभिन्न चरणों में केदार घाटी में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट पेश करते हुए आने वाले समय में होने वाले कार्यों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दे रहे जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मंदिर समिति के सभी लोगों की सराहना करते हुए सभी को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष प्रवीण तिवारी, पूर्व अध्यक्ष किशन, पंकज शुक्ला, उमेश चंद्र पोस्ती, तेज प्रकाश त्रिवेदी उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा सहित तीर्थ पुरोहित एव शिव भक्त मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सरदार भगत सिंह को 116 जयंती पर नेताजी संघर्ष समिति ने याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यालय कावली रोड पर आज क्रांतिकारी शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह जी की 116 जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया गया स्मरण है कि अंग्रेजो के दांत खट्टे करने वाले भगत सिंह जी के दो साथी राजगुरु और सुखदेव भी थे उन्होंने भी देश के लिएं शहादत दी थी सरदार भगत सिंह जी का जन्म पंजाब में आज ही के दिन 116 साल पहले हुआ था भगत सिंह जी ने देश के आजादी में अपनी महत्व पूर्ण भूमिका निभाई थी। देशवासी इस बलिदान को कभी नहीं भूल सकते देशवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगें। सरदार भगत सिंह जी की 116 वीं जयंती पर उन्हें याद करने वालों में समिति की उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी,प्रदीप कुकरेती, विपुल नौटियाल प्रवेश ,सुरेश कुमार ,सुशील विरमानी ,नवनीत गोसाई ,संदीप गुप्ता इम्तियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

### बचपन बचाओ आंदोलन व उत्तराखंड ने तैयार किया बाल विवाह रोकने के उपायों का खाका

**संवाददाता** देहरादून। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं को लामबंद कर इस मुहिम से जोड़ने के लिए उत्तराखंड सरकार के गृह विभाग के साथ मिल कर देहरादून में एक सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में उत्तराखंड सरकार के विभिन्न महकमों के साथ 2030 तक देश से बाल विवाह के पूरी तरह खात्मे के लक्ष्य को हासिल करने के लिए गहन विचार विमर्श किया गया। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा पिछले साल बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के एलान के बाद बीबीए देश के सभी राज्यों में इस तरह के सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है जिसके तहत उत्तराखंड में भी यह आयोजन हुआ।

### देहरादून स्टार्टअप सनफॉक्स के पांच जीवनरक्षक उत्पाद लॉन्च किए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के स्टार स्टार्टअप, सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज ने विश्व हृदय दिवस के अवसर पर पांच अभिनव हृदय निगरानी उपकरण लॉन्च किए हैं, जिन्हें एम्स ऋषिकेश के निदेशक डॉ. मीनू सिंह और एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स और शार्क टैंक की कार्यकारी निदेशक जज नमिता थापर ने लॉन्च किया। ये पोर्टेबल ईसीजी उपकरण उत्तराखंड और देश भर के दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों को हृदय रोगों के निदान और समय पर हृदय जांच में सहायता करेंगे। विश्व प्रसिद्ध स्वास्थ्य–तकनीक प्रयोगशाला, सनफॉक्स टेक्नोलॉजीज ने देहरादून के एक होटल में इन पोर्टेबल ईसीजी उपकरणों को लॉन्च किया।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए दो हजार कर्मचारी जाएंगे दिल्ली

**संवाददाता** हल्द्वानी। पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगामी एक अक्तूबर को दिल्ली में प्रस्तावित रैली में नैनीताल जिले से दो हजार कर्मचारी शामिल होंगे। गुरुवार को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) की ओर से प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी गई।

वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि लगातार मांग किए जाने के बाद भी राज्य में कर्मचारियों के हित में निर्णय नहीं लिया जा रहा हैं। जिससे रिटायर्ड हो रहे कर्मियों को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके विरोध में संगठन से जुड़े कर्मचारी एक अक्तूबर को दिल्ली में होने जा रही रैली में बढ़–चढ़कर भागीदारी करेंगे। नैनीताल जिले से दो हजार से ज्यादा कार्मिक रैली में शामिल होने जाएंगे। इसकी तैयारियों के लिए संगठन की ओर से लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के साथ ही कई प्रदेशों में पुरानी पेंशन योजना लागू कर दी गई है। कई राज्यों ने इसके लिए कमेटी का गठन किया है। वही उत्तराखंड में लंबे समय से आंदोलन किए जाने के बावजूद कार्मिकों की जायज मांग का समाधान नही किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित बना हुआ है। इसके विरोध में जिले के कर्मचारी बढ़–चढ़कर दिल्ली रैली में शामिल होने जाएंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष मीनाक्षी कीर्ति, सचिव मदन सिंह बर्तवाल, पूरन सिंह नयाय, मदन गोस्वामी, महेश कपिल, सतीश कफल्टिया आदि मौजूद रहे।



## एंग्लिंग राफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन

**संवाददाता** चंपावत। चंपावत जिले के टनकपुर में आयोजित तीन दिवसीय राफ्टिंग एवं एंगलिंग मीट के अंतर्गत बुधवार देर सायं नायकगोठ के किरोड़ा रोखड़ में आयोजित एंग्लिंग राफ्टिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता की ओपनिंग सेरेमनी का धूमधाम से आयोजन किया गया इस दौरान प्रसिद्ध फ्यूजन गायक संकल्प खेतवाल की टीम द्वारा एक से बढ़कर एक कुमाऊनी गढ़वाली गाने गाए। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नवनीत पांडेय एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर पर्यटन विभाग से आए मुख्य कार्यकारी अधिकारी साहसिक विंग कर्नल अश्वनी पुंडीर ने कहा कि उत्तराखंड में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एरो एडवेंचर प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं।

## राष्ट्रभाषा हिन्दी एवं हिन्दी साहित्य के प्रचार–प्रसार के लिए आयोजित होगा पुस्तक वितरण सम्मान समारोह

सांसद तीरथ सिंह रावत होंगे मुख्य अतिथि

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनान्तर्गत जनपद रुद्रप्रयाग में राष्ट्रभाषा हिन्दी एवं हिन्दी साहित्य के प्रचार–प्रसार एवं पुस्तक संस्कृति के उन्नयन हेतु पुस्तक वितरण सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 29 सितंबर, प्रातः 11:30 बजे स्थानीय अटल उत्कृष्ट राजकीय विद्यालय, रुद्रप्रयाग में आयोजित होगा। इसमें जनपद के 60 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय को दस हजार, 32 उच्च विद्यालयों को पच्चीस हजार एवं 16 कॉलेजध्पुस्तकालय को पचास हजार रूपये मूल्य की पुस्तकों का निःशुल्क वितरण, पुस्तक वितरण सम्मान समारोह के माध्यम से सांसद द्वारा किया जायेगा। सांसद श्री तीरथ सिंह रावत की इस अनोखी पहल से जिले के 108 शैक्षणिक संस्थानों को हिन्दी साहित्य से संबंधित हिन्दी के महान लेखकों की रचनाओं से समृद्ध एक मिनी लाईब्रेरी की प्राप्ति एवं स्थापना हो जायेगी।

पुस्तक वितरण सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मा .सांसद श्री तीरथ सिंह रावत होंगे और विशिष्ट अतिथि मा. विधायक श्री भरत सिंह चौधरी होंगे। इस अवसर पर रुद्रप्रयाग जनपद के जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार, मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, परियोजना निदेशक विमल कुमार, कार्यकारी मुख्य शिक्षा अधिकारी अतुल सेमवाल, प्रधानाचार्य अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज रुद्रप्रयाग आरएस भदौरिया, प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इंटर कालेज ममता रावत विशेष आमंत्रित अतिथि हैं।

पुस्तक वितरण सम्मान समारोह का सबसे खास आकर्षण यह होगा कि इस अवसर पर रुद्रप्रयाग जिले के शिक्षा, साहित्य–संस्कृति से जुडे 05 साहित्यकारों को सांसद तीरथ सिंह रावत द्वारा प्रशस्ति–पत्र, पुस्तकें एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। सम्मानित होने वाले 05 साहित्यकारों के नाम (1) श्री रमेश पहाड़ी (2) श्री जगदंबा प्रसाद चमोला (3) श्री कृष्णानंद नौटियाल (4) अश्विनी गौड़ (5) श्रीमती कुसुम भट्ट हैं।

## साझा 'कृषि–संघ के गठन पर उच्च शिक्षण संस्थानों में बनी सैद्धांतिक सहमति

**संवाददाता** देहरादून। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, भारत के उच्च शिक्षण संस्थान, एचईआईएस के नेतृत्व वाला अपनी तरह का पहला श्एग्री–कंसोर्टियम' (कृषि–संघ) बनाने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए हैं। 'कृषि–संघ' के गठन का यह विचार आईआईएम काशीपुर द्वारा प्रस्तावित किया गया था। आईआईएम काशीपुर के इनक्यूबेशन सेंटर, फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट (फीड) द्वारा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से भारत में कृषि उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक 'दक्षिण एशिया में कृषि–उद्यमिताश कंसोर्टियम–2023' का आईआईएम काशीपुर परिसर में आयोजन किया गया था, के दौरान भाग लेने उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) द्वारा इस संबंध में एक सैद्धांतिक रूपरेखा अपनाई गई। इस दो दिवसीय श्एग्री कंसोर्टियम 2023श का उद्देश्य कृषि उद्योग में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, छात्रों और उद्योग के पेशेवरों के लिए प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, वित्त पोषण और उद्योग की भागीदारी के लिए एक साझा मंच प्रदान करना था।

"अगर आप मेहनत को अपनी आदत बना लेते है, तो जीवन में आपको सफल होने से कोई रोक नहीं सकता।" –अज्ञात।



विचार-प्रवाह देहरादून, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023

पेज थ्री
www.page3news.in

# रिश्तों की मजबूती पर दें ज्यादा ध्यान

**चीन ने कई अफ्रीकी देशों में बेल्ट एंड रोड परियोजना के तहत काफी निवेश किया है और उन देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट में मदद की है। इसी वजह से अफ्रीकी देशों की अमेरिका से दूरी बढ़ी है और वे चीन के करीब आए हैं।**

आरती शाह।।

जी 20 की नई दिल्ली शिखर बैठक में अफ्रीकन यूनियन को इस समूह की पूर्ण सदस्यता दिए जाने के बाद से इसके असर को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्राकृतिक संसाधनों के भंडार के मामले में वह शुरू से अव्वल माना जाता रहा है, लेकिन वैश्विक मंचों पर अफ्रीका की खास नुमाइंदगी नहीं दिखती। इसी असंतुलन को दूर करने की कोशिश जी20 ने अफ्रीकन यूनियन को पूर्ण सदस्यता देकर की है। खास बात यह कि इसकी पहल भारत ने की थी और यह फैसला भी उसी के प्रयासों का फल माना जा रहा है। अब भारत को अफ्रीकी देशों के साथ रिश्तों को मजबूती देने पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि अफ्रीकी देशों के साथ भारत के खास संबंध रहे हैं। यह बात भी सही है कि जी20 की सदस्यता दिलाने में सक्रिय भूमिका ने उन देशों में भारत के लिए सद्भाव पैदा किया है। लेकिन अफ्रीका को आज विदेशी पूंजी की जरूरत है। इस मामले में चीन काफी आगे है।



चीन ने कई अफ्रीकी देशों में बेल्ट एंड रोड परियोजना के तहत काफी निवेश किया है और उन देशों में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट में मदद की है। इसी वजह से अफ्रीकी देशों की अमेरिका से दूरी बढ़ी है और वे चीन के करीब आए हैं। हालांकि, पिछले कुछ बरसों में चीन की वजह से कई देशों के कर्ज के जाल में फंसने की भी चर्चा होती रही है, लेकिन इसे लेकर अफ्रीकी देशों में कोई बहुत नाराजगी नहीं है। अफ्रीकी देशों की पश्चिम से एक शिकायत यह भी रही है कि उन्होंने उनके कुदरती संसाधनों का दोहन किया, लेकिन वहां विकास कार्यों को लेकर बेरुखी दिखाई। ऐसे में अगर भारत को अफ्रीकी देशों में पैठ मजबूत करनी है तो उसे भी वहां निवेश बढ़ाना होगा, जो इतना आसान नहीं है। इस संदर्भ में चीनी और भारतीय इकॉनमी के बीच का फर्क भी याद रखने की जरूरत है। इस साल अगस्त के आखिर में चीन का विदेशी मुद्रा भंडार 3.16 ट्रिलियन डॉलर था, जबकि 1 सितंबर को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर के करीब। चीन की इकॉनमी भी भारत की तुलना में 5 गुना बड़ी है। इसका मतलब है कि अफ्रीका में चीन की डिप्लोमेसी का मुकाबला करने के लिए भारत को अधिक संसाधनों की जरूरत पड़ेगी। यह तभी संभव है, जब भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से तरक्की करे और वह चालू खाता घाटे में कमी ला पाए।

अच्छी बात यह है कि चीन की इकॉनमी आज सुस्त पड़ रही है, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया के बड़े देशों में सबसे तेजी से बढ़ रही है। भारत का एक्सपोर्ट भी रेकॉर्ड लेवल पर पहुंच चुका है और उसका ध्यान चालू खाता घाटा कम करने पर भी है। अगर भारत इन उपायों के जरिये अधिक संसाधन बचा सका, तभी वह चीन की कर्ज डिप्लोमेसी का जवाब दे सकेगा। अगर वह ऐसा कर पाता है तो बेशक अफ्रीकी देशों से उसके रिश्तों को नई ऊंचाई मिलेगी।

## सुख सुकून समृद्धि



धर्म-दर्शन

अशोक वोहरा।

बिना धर्म के पुण्य कर्म अधूरा है और बिना पुण्य कर्म के ईश्वर भक्ति कभी सम्पूर्ण नहीं हो सकती। अब रही बात ईश्वर भक्ति की तो सच्ची भक्ति मे बहुत शक्ति होती है बड़े बड़े काज सफल हो जाते है। जीवन की मुश्किलों से उबरा जा सकता है। पूरी श्रद्धा भाव से ईश्वर की पूजा करना, कीर्तन भजन करना, माला जपना, हवन करना, धर्म यात्रा करना,सत्संग करवाना या सुनना, यह सब बहुत ही अच्छे कर्म माने गए है। ईश्वर की ऐसी भक्ति करने से जीवन मे सुख सुकून समृद्धि की प्राप्ति होती है, जीवन मंगल मय हो जाता है. यानी भक्ति से बहुत कुछ प्राप्त किया जा सकता है लेकिन मोक्ष और अमरता नहीं। लेकिन मोक्ष का रास्ता इसी भक्ति से होकर ही निकलता है क्योंकि हर वक्त ईश्वर की भक्ति मे डूबा रहना वाला इंसान अध्यात्म ज्ञान की प्राप्ति करने लगता है।

## संपादकीय

### कमजोरी नहीं, ताकत

भारत ने शांति के रास्ते में बहुत निवेश किया है। अशोक से लेकर गांधी तक– भारतीय नेतृत्व ने शांति को अपनी कमजोरी नहीं, अपनी ताकत के रूप में दुनिया के समक्ष रखा है। वही नीति भारत की आज भी है और आगे भी रहेगी। भारत शांति के रास्ते पर चल चुका था, लेकिन दुनिया के रास्ते अलग थे। शांति और अहिंसा–प्रिय भारतीय समाज और शासन–पद्धति को बाहर के दुर्दांत आक्रमणों का सामना करना पड़ा। विदेशी आक्रमणकारियों और औपनिवेशिक शक्तियों ने लगभग एक हजार सालों तक भारत को उलझाए रखा। इस लंबे दौर में भारत की आर्थिक और औद्योगिक तरक्की बाधित रही। भारत की उन सारी संस्थाओं का क्षय हो गया, जिन्होंने शांति एवं अहिंसा के मूल्यों पर देश को चलना सिखाया था। लेकिन भारी कीमत चुकाते हुए भी भारत शांति पथ से डिगा नहीं। मध्यकाल में भी भारत के भक्त एवं सूफी कवियों ने शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुनिया शांति में जितना निवेश करेगी, हमारी पृथ्वी उतनी सुरक्षित रहेगी, हमारा परिवार उतना खुशहाल रहेगा और हमारा भविष्य उतना ही संभावनाओं से भरा होगा।

यजुर्वेद के छत्तीसवें अध्याय में एक मंत्र आता है, जिसमें धरती से लेकर अंतरिक्ष तक, सभी जलराशियों से लेकर सभी वनस्पतियों तक और जीवात्मा से लेकर ब्रह्मात्मा तक सब में शांति की स्थापना की कामना है।

# विश्व का पहला शांति–गीत

अखिलेश झा और रश्मिता झा।।

'एक पृथ्वी, एक कुटुंब और एक भविष्य' के सूत्रवाक्य के साथ भारत जी–20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसका अर्थ है शांति। इस शांति की चिंता में धरती से लेकर आकाश तक और आज से लेकर आने वाले कल तक की फिक्र शामिल है। इसकी सिद्धि भारत की उस परंपरा में है, जिसमें शांति की प्राचीनतम अवधारणा है और उसे पाने के लिए किए गए भागीरथ प्रयास हैं। जब पृथ्वी के अन्य हिस्सों में छोटे–छोटे राज्यों और कबीलों में सत्ता का संघर्ष चल रहा था, भारत का वैदिक समाज शांति पाठ कर रहा था। वह शांति पाठ ऐसा था कि आज के महाविकास के दौर में भी उससे बढ़कर शांति कामना नहीं की जा सकती। यजुर्वेद के छत्तीसवें अध्याय में एक मंत्र आता है, जिसमें धरती से लेकर अंतरिक्ष तक, सभी जलराशियों से लेकर सभी वनस्पतियों तक और जीवात्मा से लेकर ब्रह्मात्मा तक सब में शांति की स्थापना की कामना है। उस शांति–कामना में अंत में यह भी है कि इन सभी भूतों में बस शांति हो, और कुछ न हो यानी शांति शर्तरहित हो– 'सर्व शांतिः शांतिरेव शांतिः सा मा शांतिरेधि' यह शांति पाठ लगभग पांच हजार साल पुराना माना जाता है।




शांति के लिए लगातार कोशिश करनी पड़ती है। भारत में भी समय बीतते जाने पर संघर्ष और हिंसा बढ़ने लगी। कहते हैं कि 18 दिनों तक चले महाभारत के युद्ध में लाखों लोग मारे गए। इस महायुद्ध से भारत ने फिर सीख ली और भगवान कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता का शाश्वत उपदेश दिया, जिसमें शांति के लक्ष्य और उसकी प्राप्ति के मार्ग बताए गए। महाभारत के अनुशासन पर्व में कहा गया है कि जो व्यक्ति किसी भी जीव का बुरा करना तो दूर, उसके अहित की सोचता भी नहीं है और जो सभी जीवों को अभयदान देता है, वही धर्मात्मा है– 'सर्वभूतेषु यः सम्यग् ददात्यभयदक्षिणाम्। हिंसादोषविमुक्तात्मा स वै धर्मेण युज्यते।'

भारत का इतिहास शांति की खोज और उसकी स्थापना के लिए त्याग और बलिदान का ही इतिहास है। महाभारत के बाद आज से लगभग ढाई हजार साल पहले एक बार फिर शांति की, अहिंसा की जरूरत मानवता को महसूस हुई। इस बार दो महापुरुषों, बुद्ध और महावीर ने न सिर्फ अहिंसा एवं शांति के शाश्वत सिद्धांतों की स्थापना की, बल्कि धम्ममार्ग का ऐसा संस्थागत ढांचा स्थापित किया कि हजारों वर्षों बाद भी आज दुनिया शांति के लिए बुद्ध एवं बौद्ध सिद्धांतों की तरफ देखती है।

बौद्धमत ने शांति की अनगिनत कहानियां दीं, शांति के सूत्र दिए, शांति का संविधान दिया, शांति की कला दी, शांति का स्थापत्य दिया और शांति आधारित शासन पद्धति का रास्ता दिखाया। बुद्ध के शांति के उपदेश देने के कुछ सदियों बाद ही मौर्यकाल में उनके सिद्धांतों की कठिन परीक्षा हुई। मौर्यकाल में जब लगभग पूरे दक्षिण एशिया में मौर्य का शासन था, एक बार फिर रक्तरंजित अभियानों एवं संघर्षों का दौर शुरू हुआ। सिकंदर ने भारत को अपने साम्राज्य में शामिल करने का असफल, किंतु खूनी अभियान शुरू किया। भारत ने बहादुरी से उसका प्रतिकार किया। उसके बाद भी युद्ध की विभीषिकाओं ने मौर्य सम्राट अशोक को विचलित कर दिया। उसने मानव–सभ्यता के इतिहास में पहली बार शांति और अहिंसा पर आधारित शासन पद्धति को स्थापित किया।

### सूडोकू नवताल-5202

कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकू नवताल -5201 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## अपना ब्लॉग

### समाज व शासन व्यवस्था के लिखवाए संदेश

**मोहन।** आज से लगभग तेईस सौ साल पहले अशोक ने पूरे दक्षिण एशिया में अलग–अलग भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में शिलाखंडों पर शांति एवं अहिंसा पर आधारित समाज व शासन व्यवस्था के संदेश लिखवाए। हम पूरी दुनिया में युद्ध स्मारकों के निर्माण की परंपरा के विषय में जानते हैं। शांति–स्मारक तो छिटपुट रूप में ही बनते रहे हैं। अशोक ने एक–दो नहीं, पूरे चौरासी हजार शांति स्मारकों की स्थापना की पूरे भारतीय प्रायद्वीप में, जिसके गर्भ में बुद्ध के अस्थि– अवशेष का एक हिस्सा स्थापित कर उन्हें देशकाल की सीमा से परे सर्वग्राह्य बनाने का प्रयास किया। विश्व–सभ्यता के इतिहास में इस स्तर के शांति अभियान का कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। मुगल बादशाह अकबर ने सुलहे–कुल का सिद्धांत देकर एक नई शुरुआत की। औपनिवेशिक काल में शोषण और अत्याचार की तमाम हदें पार हो जाने पर भारतीयों ने अपनी वीरता एवं रण कौशल का परिचय अत्याचारियों को अवश्य दिया, परंतु शांति का मार्ग छोड़ा नहीं। महात्मा गांधी ने अहिंसा एवं शांति के तरीके से प्रतिकार का जो रास्ता बताया, उसे पूरी दुनिया ने आत्मसात किया।





## क्या सेलेना गोमेज ने कर ली है सगाई? इंगेजमेंट रिंग किया फ्लॉन्ट

सेलेना मैरी गोमेज ग्लोबल म्यूजिक इंडस्ट्री का जाना–माना नाम हैं। वो टॉप सिंगर्स में से एक हैं। उनके गाने खूब वायरल होते हैं। वो इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली फीमेल हैं। हालांकि, वो पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। पिछले दिनों उनका नाम डिक्सी डीमेलियो के एक्स बॉयफ्रेंड नोआ बेक के साथ जुड़ा। अब वो एक मिस्ट्री मैन के साथ पेरिस की सड़कों पर चहलकदमी करते हुए नजर आई हैं। और तो और। उन्होंने इंगेजमेंट रिंग भी फ्लॉन्ट करते हुए फोटो शेयर की है, जिसके बाद फैंस के बीच खुसर–फुसर होने लगी है कि आखिर ये चल क्या रहा है। 31 साल की ग्रैमी अवॉर्ड विनर सेलेना मैरी गोमेज़ अपने रिलेशनशिप को लेकर काफी मुखर रही हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि वो सिंगल हैं। पर जब एक मिस्ट्री मैन के साथ उनकी फोटो वायरल हुई तो हलचल मच गई। ऊपर से वो डायमंड वाली अंगूठी। अब फैंस ये कह रहे हैं कि सेलेना सिंगल नहीं हैं। सेलेना मैरी गोमेज ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें वो और सेलेना दोनों हीरे की सगाई की अंगूठी फ्लॉन्ट कर रहे हैं। निकोला की शादी ब्रुकलिन बेकहम से हुई है। वो तो कई बार रिंग के साथ नजर आ चुकी हैं, लेकिन सेलेना ने पहली बार इस तरह की बड़ी सी डायमंड रिंग पहनी है।

## वरमाला के बाद धीरे से पास आकर परिणीति ने पति राघव को किया किस

परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने रविवार को शादी कर ली। दोनों ने उदयपुर में शादी की और क्लासिक सेलिब्रिटी स्टाइल में सोमवार को एक क्यूरेटेड इंस्टाग्राम पोस्ट के साथ फोटोज शेयर कीं। अब, एक नया शादी का वीडियो सामने आया है और इसमें मंडप से दूल्हा और दुल्हन के क्यूट मोमेंट्स को दिखाया गया है। एक्ट्रेस ने अपने दोस्तों से शांत रहने के लिए कहा। उन्होंने वरमाला के बाद राघव के साथ तस्वीर खिंचवाई और उन्हें एक किस भी किया। मंगलवार को, एक पपाराजी ने इंस्टाग्राम पर परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की शादी का एक वीडियो शेयर किया। क्लिप में परिणीति और राघव सफेद फूलों से सजे मंडप में एक साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। परिणीति ने उनके हाथ पकड़ लिए और गाल पर किस भी किया। एक्ट्रेस ने राघव को किस करने से कुछ सेकंड पहले अपने दोस्तों से शांत रहने के लिए कहा। पपाराजी ने परिणीति और राघव की शादी की सजावट का एक पर्दे के पीछे का वीडियो भी शेयर किया। क्लिप में खूबसूरत शादी का मंडप दिखाया गया, जहां उन्होंने फेरे लिए। एक तालाब के पास, यह हरियाली से ढका हुआ था और इसके चारो ओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा था।

## आलिया की नई फिल्म जिगरा का ऐलान, बोलीं एक्ट्रेस– तू मेरे प्रोटेक्शन में है



आलिया भट्ट हाल ही रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आई थीं, और अब उन्होंने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है। आलिया की इस फिल्म का नाम श्जिगराश् है। मेकर्स ने साथ में एक अनाउंसमेंट वीडियो भी शेयर किया है, जिसने फैंस के बीच हलचल मचा दी है। आलिया श्जिगराश् में एक्टिंग करने के साथ–साथ इसे प्रोड्यूस भी कर रही हैं। इसे वासन बाला डायरेक्ट करेंगे। मेकर्स ने जो अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है, उसमें आलिया एक बैगपैक लटकाए, जमीन की ओर देखती नजर आ रही हैं। वह किसी गहरी सोच में हैं। बैकग्राउंड में आलिया की ही आवाज है। वह कह रही हैं, श्देख मुझे, मेरी राखी पहनता है ना तू? मेरे प्रोटेक्शन में है तू। तुझे मैं कुछ भी नहीं होने दूंगी। कभी भी। वीडियो देखकर लग रहा है कि श्प्रपहतं की कहानी भाई–बहन के ऊपर आधारित होगी। इसमें दिखाया जाएगा कि एक बहन भाई को सुरक्षित रखने, उसे बचाने के लिए किस हद तक जा सकती है। आलिया की खुशी का ठिकाना नहीं है।

# 87 साल के धर्मेंद्र ने बोले– अब तो पैरों में भी दम नहीं है

*धर्मेंद्र भले ही 87 साल के हो गए हों, लेकिन दिल से वह अभी भी जवां हैं। उनकी एक्टिंग का जौहर अभी भी कायम है, जो सबने इसी साल रिलीज हुई रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में देखा। लेकिन धर्मेंद्र कमाल के शायर भी हैं। वह अकसर ही फैंस के साथ ट्विटर पर शायरी शेयर करते रहते हैं। अब हाल ही उन्होंने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें शायरी के जरिए बताया है कि दिल क्या करने को कहता है, और शरीर के हाल क्या हैं। धर्मेंद्र इस वक्त अपना ज्यादातर वक्त फार्महाउस पर ही बिताते हैं। वह वहां कभी गाड़ी चलाते, तो कभी खेतों में साग–सब्जी देखते और वर्कआउट करते नजर आते हैं। मन करता है तो धर्मेंद्र कई बार वीडियो बनाकर ट्विटर पर शेयर करते हैं, और अपनी फिल्मों के किस्से भी सुनाते हैं।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**शायरी के जरिए धर्मेंद्र ने बताया हाल**

अब धर्मेंद्र ने शायरी करते हुए वीडियो शेयर किया है। इसमें वह कह रहे हैं, श्तो सुनिए जनाब मैं क्या लिखता हूं..आंखें रंग नहीं पहचानतीं, कहता है ले चल चमन में। कोई समझाए दिल–ए–नादान को, अब तो पैरों में भी दम नहीं है। वीडियो शेयर कर धर्मेंद्र ने लिखा है, ऐ हकीकत–ए–जिंदगी, मैं जवान हूं अभी।

**अमेरिका से हाल ही लौटे धर्मेंद्र**

मालूम हो कि कुछ समय पहले ही धर्मेंद्र की नासाज तबीयत की खबरें आई थीं। कहा गया कि धर्मेंद्र इलाज के लिए बेटे



सनी देओल के साथ अमेरिका जा रहे हैं। लेकिन बाद में परिवार ने धर्मेंद्र तबीयत को लेकर आईं खबरों का खंडन किया था, और कहा था कि वह बिल्कुल ठीक हैं। धर्मेंद्र कुछ दिन पहले ही सनी देओल और पहली पत्नी प्रकाश कौर के साथ अमेरिका से वापस लौटे हैं। वह वहां कुछ दिन के वेकेशन पर गए थे।

**उड़ी थी धर्मेंद्र की इलाज कराने की अफवाह**

धर्मेंद्र के अमेरिका में इलाज कराने की अफवाहों के बीच, सनी ने इंस्टाग्राम पर पिता के साथ एक फोटो पोस्ट की। जहां दोनों को कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। धर्मेंद्र ने ब्लैक कैप, ग्रीन जैकेट और ब्लू टी शर्ट पहनी हुई है, वहीं सनी ने वाइट शर्ट और मैचिंग बकेट कैप पहनी हुई है।

**धर्मेंद्र के करियर में कुमकुम का अहम रोल**

कुमकुम का धर्मेंद्र के करियर और जिंदगी में अहम रोल रहा। इस बारे में धर्मेंद्र ने कहा था, श्कुमकुम श्दिल भी तेरा हम भी तेरेश फिल्म में काम करने को तैयार हो गई थीं। जबकि वह उस समय तक श्प्यासाश, श्मदर इंडियाश और श्नया दौरश जैसी कई हिट फिल्मों में काम कर चुकी थीं। मैंने कुमकुम जी से सीखा कि न्यूकमर्स के प्रति विनम्र रहो। मैं कभी नहीं भूल सकता कि कुमकुम मेरे प्रति कितनी दयालु और विनम्र थीं। उन्होंने मुझे घर जैसा महसूस कराया। मेरे और मेरे परिवार के बारे में बात की। मेरी जिंदगी में दिलचस्पी दिखाई। शॉट्स में मेरी मदद की। मैं हमेशा उनका ऋणी रहूंगा।

# जब सैंडल उतार फोटो खिंचवाने हॉलीवुड स्टार की तरफ दौड़ीं शिल्पा

*शिल्पा शेट्टी करीब 30 साल से इस इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। उनके इस लंबे करियर में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिसने उन्हें बदला है। उन्होंने ऐसी ही एक घटना के बारे में बताया, जिसके बाद से वह कभी किसी फैन को फोटोज के लिए पोज देने से इनकार नहीं करती हैं।*



**एक्टर के बॉडीगार्ड्स ने शिल्पा को दिया धक्का**

इसके बाद जैसे ही शिल्पा की नजर उनपर पड़ी, उन्होंने अपनी हील उतारी और उनकी तरफ दौड़ पड़ीं। उन्होंने हसबैंड राज कुंद्रा को कहा कि वह उनके साथ फोटो खिंचवाना चाहती हैं। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि ।तदवसक के लंबे–चौड़े बॉडीगार्ड्स ने उन्हें ऐसा करने नहीं दिया बल्कि उन्हें पुश करके वहां से हटा भी दिया। अपने सामने ये वाकिया देखकर राज कुंद्रा काफी भड़क उठे थे।

**अगले दिन खुद अर्नोल्ड श्वार्जनेगर ने उनके साथ ली तस्वीरें**

शिल्पा ने बताया कि उनके हसबैंड की उन बॉडीगार्ड्स से काफी बहस होने लगी और उन्होंने उनको बताया कि वो काफी फेमस एक्ट्रेस हैं। हालांकि, इसका भी कोई फायदा नहीं हुआ और आखिरकार उन्होंने उन्हें उनसे मिलने ही नहीं दिया जिसका बाद वह काफी दुखी हो गई थीं। अगले दिन जब वे सेम इवेंट में थे और अर्नोल्ड श्वार्जनेगर को शिल्पा के बारे में पता लगा तो उन्होंने उनके साथ खुद तस्वीरें खिंचवाईं।

**शिल्पा समझ गईं कैसा लगता है जब स्टार्स करते हैं इनकार**

इस घटना ने शिल्पा को ये सोचने पर मजबूर कर दिया कि जब फैन्स के साथ कोई स्टार फोटोज क्लिक कराने से इनकार करता है तो उन्हें कैसा महसूस होता होगा।

**शिल्पा के हाथ में कई प्रझजेक्ट्स**

वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म सुखी पिछले हफ्ते ही रिलीज हुई है। जल्द ही वह रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आनेवाली हैं, जिसमें शिल्पा स्पेशल टास्क फोर्स ऑफिसर के रोल में दिखेंगी। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा, विवेक आनंद ओबेरॉय के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। इसके अलावा उनके पास कन्नड़ फिल्म केडी भी है।

# हर वक्त आती रहती है नींद, ये चीज आएगी काम



*आयरन की कमी बॉडी के लिए काफी घातक होती है। इसकी वजह से नसों से खून गायब होने लगता है और इसका सबसे बड़ा लक्षण शरीर पर पीलापन दिखने लगता है। आयरन के लिए हलीम बीज खाने चाहिए।*

लोगों को सफेद रंग की स्किन काफी पसंद आती है। इसे खूबसूरत होने की निशानी मानते हैं। अब ये कितना सही है, ये अलग बात है। मगर कई बार त्वचा का पीला रंग भी सफेद मान लिया जाता है। लेकिन यह शरीर में एक जरूरी मिनरल की कमी की तरफ इशारा करता है। जिसका इलाज जल्द से जल्द कर लेना चाहिए। शरीर पीला पड़ना खून की कमी से होता है। जिसका मुख्य कारण बॉडी में आयरन की कमी हो जाना है। डाइटिशियन मानसी पडेचिया ने आयरन डेफिशिएंसी खत्म करने के लिए हलीम के बीज काफी फायदेमंद बताए हैं। यह आयरन देने के साथ कई और फायदे भी देते हैं। आइए इस बारे में पूरी जानकारी पाते हैं।

**हलीम बीज खाने के फायदे**

*हीमोग्लोबिन बूस्टर:* ये बीज खाने से हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ता है और थकान व कमजोर दूर होती है।

*इम्यूनिटी बूस्टर:* इन्हें खाने से इम्यून सिस्टम को ताकत मिलती है और इंफेक्शन–बीमारी दूर रहते हैं।

*हेल्दी पीरियड्स:* जवान लड़कियों के लिए ये सुपरफूड्स साबित हो सकते हैं, ये बीज पीरियड्स के कारण होने वाली खून की कमी को रोक सकते हैं।

*डायजेशन में सुधार:* अगर आपको खाना खाने के बाद कोई भी दिक्कत होती है तो इन बीजों का सेवन करें। आपके पेट की सारी दिक्कतें खत्म हो जाएंगी।

*हेल्दी स्किन और हेयर:* इन बीजों में कई सारे विटामिन होते हैं, जो स्किन और हेयर की हेल्थ को बढ़ाते हैं।

*एंटीआक्सीडेंट्स बूस्टर:* ये बीज एंटीऑक्सीडेंट्स से पैक्ड होते हैं। ये कंपाउंड फ्री–रेडिकल से होने वाली डैमेज से सेल्स को बचाते हैं।

**हलीम बीज के साथ क्या ना खाएं?**

दूध, पनीर, दही आदि डेयरी प्रॉडक्ट्स कैल्शियम का भंडार होते हैं। मगर इन्हें हलीम बीज या किसी अन्य आयरन फूड के साथ कभी नहीं खाना चाहिए। डेयरी प्रॉडक्ट्स शरीर में आयरन का अवशोषण बाधित करते हैं, इसलिए ऐसा करना नुकसानदायक माना जाता है।

**हलीम बीज सेवन का तरीका**

डाइटिशियन मानसी ने इन बीज को खाने का सही तरीका भी बताया है। इन्हें हर दिन पानी में भीगोकर सेवन करें। पीने से पहले इसमें नींबू का रस जरूर मिला लें, इससे आयरन का अवशोषण तेज होता है। इससे इन बीजों का पूरा आयरन निचोड़कर शरीर के लिए उपलब्ध हो जाएगा।

# ऑफिस और घर में इस चीज से महिलाओं को हो सकता है हृदय रोग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



हृदय रोग महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए घातक होते हैं। हृदय रोग पारंपरिक रूप से पुरुषों में ज्यादा पाये जाते हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में महिलाओं में भी हृदय रोगों में तेजी से वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में कार्डियोवैस्कुलर समस्याओं से लगभग 35 लाख मौतें होती हैं, जिनमें से 16.9 प्रतिशत मौतें महिलाओं की हैं। हृदय के स्वास्थ्य को कई चीजें प्रभावित करती हैं, जिनमें से एक तनाव यानी स्ट्रेस है। तनाव का हृदय रोग से गहरा संबंध है, और तनाव से महिलाएं पुरुषों के मुकाबले ज्यादा आसानी से प्रभावित हो जाती हैं। अगर तनाव के साथ अनिद्रा भी हो, तो मेनोपॉज के बाद लगभग हर चार में से एक महिला के जीवन में उसके दिल की धड़कन अनियमित हो सकती है। गाजियाबाद के मणिपाल अस्पताल के कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भूपेन्द्र सिंह से जानते हैं स्ट्रेस का असर महिलाओं के दिल पर किस कदर पड़ता है।

**तनाव और हृदय रोग के बीच क्या कनेक्शन है?**

तनाव से शरीर में सूजन बढ़ सकती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर और कम 'गुड' एचडीएल कोलेस्ट्रॉल पर असर हो सकता है। स्ट्रेस होने पर व्यक्ति को अच्छी नींद नहीं आती। ऐसे में व्यायाम करने, स्वस्थ आहार लेने, या वजन को नियंत्रित रखने की ओर रुझान भी कम हो जाता है। जीवनशैली के इन परिवर्तनों से हृदय के स्वास्थ्य पर असर होता है। महिलाओं में पुरुषों के मुकाबले मनोवैज्ञानिक जोखिम के तत्वों जैसे बचपन की विपत्तियों, पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर, और अवसाद की संभावना भी ज्यादा होती है।



**एक खास उम्र के बाद महिलाएं नहीं झेल पाती फैमिली प्रब्लम्स**

लोग अक्सर साइकोलॉजिकल स्ट्रेस द्वारा हृदय पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर को लेकर गंभीर नहीं होते। जीवन में तलाक, पारिवारिक समस्याएं, प्रियजन की मृत्यु, लंबी बीमारी, या प्राकृतिक आपदा जैसी घटनाएं साइकोसोशल तनाव बढ़ाती हैं, जिससे खासकर एक विशेष उम्र के बाद महिलाओं को इन समस्याओं को संभालना और ज्यादा मुश्किल हो जाता है।

**इमोशनल स्ट्रेस से बढ़ सकता है बीपी**

भावनात्मक तनाव से ब्लड प्रेशर और हाइपरटेंशन बढ़ते हैं, जिससे हृदय रोग हो सकता है, और कोरोनरी आर्टरीज में प्लाक जम सकता है। भावनात्मक तनाव से कोर्टिसोल जैसे तनाव के हार्मोन भी बढ़ सकते हैं। ये हार्मोन प्लेटलेट्स और ऑटोनोमिक टोन को प्रभावित करते हैं, जिसकी मदद से शरीर हृदय गति और ब्लड प्रेशर जैसे स्वाभाविक कार्यों को नियंत्रित करता है। इन सभी से हृदय रोग बढ़ता है।

**हार्मोन चेंज से भी पड़ता है हार्ट पर असर**

महिलाओं में हार्मोनल परिवर्तन से भी तनाव और हृदय की समस्याएं बढ़ती हैं। महिलाओं के पूरे जीवन में माहवारी, गर्भावस्था और मेनोपॉज के दौरान हार्मोनल परिवर्तन होते रहते हैं। ये हार्मोनल परिवर्तन ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल के स्तर और सामान्य कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को प्रभावित कर सकते हैं, जिसकी वजह से महिलाओं को तनाव के कारण हृदय की समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। तनाव को जीवन से दूर तो नहीं किया जा सकता है, पर खासकर महिलाओं के संदर्भ में हृदय के स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव को समझा जा सकता है। इसकी वजह से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को पहचानकर और उनका उपाय करके महिलाओं के कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। तनाव को नियंत्रित करके महिलाएं अपने हृदय की सुरक्षा कर सकती हैं, और एक स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकती हैं।




## डेंगू–डायबिटीज को जड़ से मिटाता है ये हरा फल, नसों की हो जाएगी सफाई

बचपन से लेकर बुढ़ापे तक हर दिन फल खाने चाहिए। ताजे और मौसमी फलों में विटामिन, मिनरल और अन्य स्वास्थ्यवर्धक कंपाउंड मिल जाते हैं, जो मजबूत और स्वस्थ बनाते हैं। स्थानीय फलों को खाना सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इनमें आसपास की जलवायु के हिसाब से आवश्यक न्यूट्रिशन मिल जाता है। मगर एक फल चीन से न्यूजीलैंड और फिर भारत समेत दूसरे देशों में पहुंचा और हर जगह हेल्दी माना गया। यह हरा फल पौष्टिक गुणों का भंडार है और आज हमारे यहां डेंगू और डायबिटीज जैसी खतरनाक बीमारियों के इलाज में मददगार साबित हो रहा है। इसे कीवी या कीवी फ्रूट कहा जाता है, जो स्वाद में खट्टा–मीठा होता है। अगर आप नियमित रूप से इसे खाते हैं तो निम्नलिखित फायदे प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप 100 ग्राम कच्चा हरा कीवी खाते हैं तो यूएसडीए के आंकड़े के मुताबिक, प्रोटीन, कार्ब्स, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, जिंक, कॉपर, मैंगनीज, विटामिन सी, फोलेट, कोलीन, विटामिन ए, विटामिन–के और ना जाने कितनी चीजें पा सकते हैं। भारत में डेंगू के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। यह इंफेक्शन इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है और प्लेटलेट्स गिरने लगती हैं। कीवी में सबसे ज्यादा विटामिन सी होता है।

## एक्सपर्ट का यह तरीका अपनाएं, 1 हफ्ते में कम हो जाएगा 5 किलो वजन

वजन घटाने की एक स्वस्थ दर आम तौर पर प्रति सप्ताह 0.5–1 किलोग्राम के बीच होती है, जो प्रति सप्ताह 1–2 पाउंड के बराबर होती है। वजन घटाने की यह दर अधिकांश लोगों के लिए सुरक्षित और टिकाऊ मानी जाती है। तेजी से वजन घटाने को अक्सर लंबे समय तक बनाए रखना मुश्किल होता है, जिसके कारण यो–यो डाइटिंग और वेट साइक्लिंग हो सकती है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि वजन घटाने की दर किसी व्यक्ति के शुरुआती वजन, उम्र, लिंग और गतिविधि स्तर के आधार पर भिन्न हो सकती है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति जो काफी अधिक वजन वाला या मोटा है, वह अपनी वजन घटाने की यात्रा के शुरुआती चरणों में अधिक तेजी से वजन कम करने में सक्षम हो सकता है, जबकि कोई व्यक्ति जिसका वजन पहले से ही स्वस्थ है, उसे अधिक क्रमिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता हो सकती है। तेजी से वजन घटाना स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। तेजी से वजन घटाने से मांसपेशियों की हानि हो सकती है। जो आपके चयापचय को कम कर सकता है और लंबे समय तक वजन घटाने को बनाए रखना कठिन बना सकता है।

## कैल्शियम से ज्यादा जरूरी है विटामिन डी, वरना ना रहेगा ढांचा और ना रहेंगे दांत



अगर आप मजबूती से खड़े हैं या सीधा चल पा रहे हैं तो इसमें सबसे ज्यादा योगदान आपकी हड्डियों का है। अगर हड्डियों का ढांचा अपनी मजबूती खो देगा तो आपका खड़ा होना, बैठना, चलना, सबकुछ नामुमकिन हो जाएगा। हड्डियां आपके अंगों को चोट से बचाने का काम भी करती हैं। लोगों को लगता है कि हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियम सबसे जरूरी पोषक तत्व है। मगर क्या आपको पता है कि इस मिनरल से ज्यादा जरूरी विटामिन डी होता है। जिसकी वजह से शरीर कैल्शियम का इस्तेमाल कर पाता है, हड्डियां, दांत, मसल्स, दिमाग समेत सभी अंगों के लिए यह विटामिन जरूरी होता है। विटामिन डी की कमी से फ्रैक्चर का खतरा बढ़ना, मसल्स में दर्द, हड्डियां–जोड़ों का मुड़ना, थकान, डिप्रेशन जैसे लक्षण दिखते हैं। कैल्शियम के अलावा यह फॉस्फेट के अवशोषण में भी मदद करता है, जो कि डीएनए, आरएनए, सेल मेंब्रेन और प्रोटीन के लिए बहुत जरूरी होता है। इसे सनसाइन विटामिन भी कहा जाता है, क्योंकि धूप इसका बेस्ट सोर्स है। मगर कई वजहों से आजकल धूप लेना मुश्किल हो गया है, इसलिए आप फैटी फिश को डाइट में शामिल करें। सैल्मन, सार्डिन, मैकरेल, टूना जैसी मछलियों में विटामिन डी, ओमेगा फैटी एसिड, प्रोटीन और अनगिनत फायदे छिपे होते हैं।



एशियन गेम्स के लिए भारतीय स्क्वाड

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह। *स्टैंडबाई खिलाड़ी:* यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हूडा और साई सुदर्शन।

## रुतुराज के नेतृत्व वाली भारतीय टीम चीन के लिए हुई रवाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम गुरुवार को एशियन गेम्स 2023 में हिस्सा लेने के लिए मुंबई से चीन के लिए रवाना हुई। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 3 अक्टूबर को करेगी। साई ने अपने एक्स (पहले ट्विटर) पर भारतीय टीम के मुंबई से चीन के रवाना होने के फोटो शेयर किए हैं। साई ने लिखा, पुरुष क्रिकेट टीम एशियन गेम्स 2022 के लिए तैयार है। भारतीय टीम मुंबई एयरपोर्ट से हांगझोऊ के लिए रवाना हुई। हम उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हैं। बता दें कि आईसीसी टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान टॉप–5 रैंक वाली टीमें हैं। इसलिए इन्हें शीर्ष वरीयता दी गई है। इन टीमों को सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिलेगी। भारतीय टीम को गोल्ड मेडल जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। रुतुराज गायकवाड़ को एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह मिली है। शिवम दुबे की टीम इंडिया में वापसी हुई है। आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह भी अपना जलवा बिखेरते हुए नजर आएंगे। भारतीय टीम काफी मजबूत नजर आ रही है।

# बाबर आजम की बादशाहत जल्द हो जाएगी खत्म

**क्रिकेट**

### वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय स्टार पाकिस्तानी कप्तान को छोड़ देगा पीछे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉपर बने बाबर आजम की बादशाहत खतरे में है। पाकिस्तान टीम के कप्तान से अब कुछ ही दूर पर हैं भारत के स्टार ओपनर शुभमन गिल। अगर वह ऑस्ट्रेलिया खिलाफ तीसरा वनडे खेले होते तो यकीन मानिए आज ही लिस्ट में वह नंबर वन हो गए होते, जबकि बाबर दूसरे होते। आईसीसी की लेटेस्ट रैंकिंग के अनुसार, भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और बाबर के बीच मात्र 10 अंक का मामूली अंतर है। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शुरुआती दो मुकाबलों के दौरान कुल 178 रन बनाए। इस सीरीज के पहले मुकाबले में गिल ने मोहाली में 74 रनों की पारी खेली और फिर, इंदौर में अपने करियर का छठा वनडे शतक बनाकर रैंकिंग में बढ़त बनाई। गिल के अब कुल 847 रेटिंग अंक हैं और वह 5 अक्टूबर को विश्व कप की शुरुआत से पहले बाबर से सिर्फ 10 रेटिंग अंक पीछे हैं। पाकिस्तान अपने विश्व कप के पहले मैच तक कोई आधिकारिक वनडे मैच नहीं खेलेगा और गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की सीरीज के अंतिम मुकाबले से बाहर थे। इसका मतलब है कि बाबर इस साल के टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग के साथ प्रवेश करेंगे। बल्लेबाज रैंकिंग के शीर्ष पर बाबर और गिल के बीच विश्व कप के छह सप्ताह तक कड़ी प्रतिस्पर्धा जारी रहेगी। इन दोनों बल्लेबाजों में जो वनडे वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन करेगा वो आने वाले दिनों में वनडे रैंकिंग में नंबर–1 पर अपना कब्जा जमाएगा।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने एशिया कप के दौरान दुनिया की नंबर वन टीम रही पाकिस्तान को पहले ही रैंकिंग में धोबी पछाड़ दे चुकी है। यह भारत के लिए पहला मौका है, जब वह टी–20, वनडे और टेस्ट तीनों ही फॉर्मेट में दुनिया की नंबर वन क्रिकेट टीम है।



# ऑस्ट्रेलिया से आखिरी वनडे हारने के बावजूद खुश हैं राहुल द्रविड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

राजकोट। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ को संतोष है कि चोट के बाद वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों को अगले सप्ताह शुरू हो रहे वनडे विश्व कप से पहले मैच अभ्यास मिल गया। कमर की तकलीफ के कारण लंबे समय तक बाहर रहे बुमराह ने मोहाली और राजकोट में दस दस ओवर गेंदबाजी की। तीसरे वनडे में वह हालांकि महंगे साबित हुए।

पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी करने वाले बुमराह ने श्रीलंका में एशिया कप भी खेला था। वहीं अय्यर ने इंदौर में शतक जमाया और राजकोट में 48 रन बनाए। राहुल ने दो अर्धशतक लगाने के साथ उम्दा विकेटकीपिंग भी की। द्रविड़ ने तीसरे मैच के बाद कहा, 'इन सभी के लिए मैच टाइम बहुत महत्वपूर्ण था और यह अच्छी बात है कि उन्हें यह मिला। जस्सी ने दो मैचों में पूरे दस ओवर डाले। सिराज ने भी वापसी करके गेंदबाजी की। उन्होंने आगे कहा– अश्विन को इस तरह गेंदबाजी करते देखना अच्छा लगा। केएल ने पूरे 50 ओवर विकेटकीपिंग की और अच्छी बल्लेबाजी भी की। उन्होंने कहा, 'श्रेयस ने कुछ अच्छी पारियां खेली। हमें लगातार सुधार करते हुए विश्व कप में इस लय को कायम रखना है।'




विश्व कप टीम में आर अश्विन को शामिल किए जाने के सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। टीम में कोई बदलाव गुरु तक ही किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हमें आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना होगा। एनसीए चयनकर्ताओं और अजित अगरकर के संपर्क में है तो मैं उस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। अगर कोई बदलाव है तो आपको इसकी आधिकारिक सूचना मिलेगी। अभी तक तो कोई बदलाव नहीं है।'

## बाबर सेना ने शुरू की वर्ल्डकप की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम भारत पहुंच गई है। वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत 5 अक्टूबर से होनी है। उससे पहले सभी टीमों को दो–दो अभ्यास मैच भी खेलने हैं। बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम बुधवार की शाम हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरी। वहां उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। एयरपोर्ट के बाहर भारी भीड़ मौजूद थी। देर शाम पाकिस्तान के खिलाड़ी हैदराबाद में अपने होटल में पहुंचे। पाकिस्तान के खिलाड़ी भारत पहुंचने के 12 घंटे के भीतर मैदान पर अभ्यास करने पहुंच गए। तेज गेंदबाजों ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। फील्डिंग पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी रही है। कई बार फील्डिंग ने उन्हें मुकाबले हराए हैं। हैदराबाद में पाक खिलाड़ियों ने फील्डिंग पर भी काफी मेहनत की। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम वनडे में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज के रूप में वर्ल्ड कप खेलने पहुंचे हैं। एशिया कप के पहले मैच में शतक लगाने के बाद वह लगातार फेल रहे थे।

## न्यूज डायरी



### श्रीलंकाई क्रिकेटर दनुष्का गुनाथिलका निर्दोष साबित हुए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रीलंकाई क्रिकेटर दनुष्का गुनाथिलका के लिए राहत की खबर सामने आई है। दनुष्का को यौन उत्पीड़न मामले में दोषी नहीं पाया गया है। अब उन्हें बेगुनाह साबित हुए हैं। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान एक महिला से श्रीलंकाई खिलाड़ी पर बलात्कार का आरोप लगाया था। पिछले साल नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने श्रीलंकाई क्रिकेटर पर 29 वर्षीय महिला के साथ जबरन यौन संबंध बनाने के चार आरोप लगाए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक दनुष्का और महिला डेटिंग ऐप के जरिए एक–दूसरे पर एक दूसरे बातचीत करने के बाद आपस में मिले थे। इसके बाद दनुष्का को गिरफ्तार कर लिया गया था और ऐसे में श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड की ओर से उन्हें निलंबित कर दिया गया था। क्रिकेट बोर्ड से निलंबित होने के बाद दनुष्का पर लगा चार आरोपों में से तीन को खारिज किया गया था। उन पर जबरन संबंध बनाने का आरोप था, जिसे जज ने खारिज कर दिया। साथ ही उन पर पुलिस की पूछताछ के दौरान जानबूझकर गलत बयान देने का आरोप भी था, जिसे जज ने खारिज किया। जज हगेट ने कहा कि खिलाड़ी के बयान भ्रम, थकान, भाषा में बदलाव और भूलने के कारण भी हो सकते हैं। आरोपी ने इंटरव्यू में पूछे गए हर सवाल का जवाब दिया। ऐसे में वह सच्चे हैं और पुलिस की मदद करने की पूरी कोशिश कर रहे थे।

### एशियन गेम्स के शूटिंग में भारत को एक और गोल्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगझोऊ। भारत की पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने गुरुवार को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता। लेकिन व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाले देश के दोनों निशानेबाज पदक जीतने में नाकाम रहे। सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिव नरवाल ने बेहद करीबी मुकाबले में चीन की टीम को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया और भारत को निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय निशानेबाज मौजूदा खेलों में अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक जीत चुके हैं। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन में कुल 1734 अंक जुटाए जो चीन की टीम से एक अधिक है। चीन को रजत जबकि वियतनाम (1730) को कांस्य पदक मिला। सरबजोत ने क्वालीफिकेशन में 580, चीमा ने 578 और नरवाल ने 576 अंक बनाए। सरबजोत और चीमा ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन क्रमशः चौथे और आठवें स्थान पर रहे। वियतनाम के फेम कुआंग हुई ने 240.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि दक्षिण कोरिया के ली वोनहो (239.4) ने रजत पदक हासिल किया। उज्बेकिस्तान के व्लादिमिर स्वेचनिकोव (219.9) को कांस्य पदक मिला।

### पाकिस्तान को नहीं थी ऐसी मेहमाननवाजी की उम्मीद, भावुक हुए पड़ोसी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। वर्ल्ड कप 2023 में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान की क्रिकेट टीम भारत आ गई है। 2016 टी20 वर्ल्ड कप के बाद पहली बार पाकिस्तानी खिलाड़ी भारत आए हैं। हालांकि उस टीम का कोई भी खिलाड़ी इस बार टीम का हिस्सा नहीं है। बाबर आजम की अगुवाई में पाकिस्तान टीम हैदराबाद पहुंची। बुधवार की शाम को राजीव गांधी एयरपोर्ट पर पाकिस्तान टीम का जमकर स्वागत हुआ। पाकिस्तान के क्रिकेटर्स का हैदराबाद में जोरदार स्वागत किया। एयरपोर्ट के बाहर फैंस भारी संख्या में मौजूद थे। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने भी हाथ हिलाकर फैंस का अभिवादन स्वीकार किया। टीम बस से होटल पहुंचने के बाद भी वहां खिलाड़ियों को ग्रैंड वेलकम हुआ। सॉल देकर होटल में उनका स्वागत किया गया। एक होटल स्टाफ के हाथ में ऑल द बेस्ट चौंपियंस का पोस्टर भी था। भारत में हुए इस स्वागत का पाकिस्तानियों को भरोसा ही नहीं हो रहा है। भारत की मेहमाननवाजी से वह फूले नहीं समा रहे हैं। सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी भारत को इस वेलकम के लिए धन्यवाद कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर 29 सितंबर को अपना पहला अभ्यास मैच खेलेगी। टीम की भिड़ंत न्यूजीलैंड से होगी। इसके बाद 3 अक्टूबर को भी उसे इसी मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच खेलना है। वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान को अपने पहले दो मैच भी इसी मैदान पर खेलने हैं। पहले 6 अक्टूबर को नीदरलैंड्स से उसकी भिड़ंत होगी।

# पेज थ्री देहरादून

उत्तराखंड में कई जगह निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी।



# हमारा दून

देहरादून, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023




## संक्षिप्त समाचार

### भाजपाईयों ने दी गैरोला को शुभकामनाएं

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने महानगर पदाधिकारियों के साथ बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के नवनियुक्त उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला को उनके आवास पर पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी व शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने कार्यालय में जाकर विधिवत कार्यभार भी ग्रहण किया व कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों से चर्चा की। शुभकामनाएं देने वालों में महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ढिल्लों, प्रदेश शाह मीडिया प्रभारी मानिक निधि शर्मा, विमल उनियाल, संकेत नौटियाल, उमा नरेश तिवारी, प्रदीप कुमार, अक्षत जैन, पूनम नौटियाल, अनिल रस्तोगी, हिमांशु, मनवीर, सुजीत थापा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एनआईओएस थ्योरी एग्जाम तीन अक्टूबर से

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान यानी एनआईओएस की माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक के थ्योरी एग्जाम तीन अक्तूबर से होंगे। संस्थान ने परीक्षा के लिए हॉल टिकट जारी कर दिए हैं। क्षेत्रीय निदेशक डीएन उप्रेती ने बताया कि परीक्षार्थी संस्थान की वेबवाइड और हाल टिकट आनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने सलाह दी कि शिक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर अपना एनआईओएस का आईकार्ड, वैध फोटो पहचान पत्र और हॉल टिकट अवश्य ले जाए। साथ ही परीक्षा से करीब आधे घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाएं।

### स्कोडा ऑटो ने अंतरराष्ट्रीयकरण की प्रमुख उपलब्धि का जश्न मनाया

**संवाददाता** देहरादून। स्कोडा ऑटो ने आज वियतनामी बाजार में अपने प्रवेश के साथ अपनी अंतरराष्ट्रीयकरण रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अवसर पर वियतनामी और चेक सरकारों के प्रतिनिधियों और स्कोडा के स्थानीय वितरण एवं उत्पादन सहयोगी, टीसी ग्रुप के साथ एक उत्सवी समारोह आयोजित किया गया। कैरोक और कोडिएक के साथ पहले मॉडल को यूरोप से आयातित किया जाएगा।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाईलक्स का किया प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 26–27 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित इंडो–पैसिफिक आर्मीज चीफ कॉन्फ्रेंस (आईपीएसीसी) या इंडो–पैसिफिक सेना प्रमुखों के सम्मेलन के दौरान टोयोटा हाईलक्स का प्रदर्शन किया। इसे इसके अधिकृत बाहरी विक्रेता के माध्यम से अनूठे ढंग से संशोधित किया गया है।

# सीएम ने सभी निवेशकों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए किया आमंत्रित

**बैठक**

■ बर्मिंघम में 250 से अधिक व्यवसाइयों से मिले मुख्यमंत्री धामी

**संवाददाता**

बर्मिंघम। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ब्रिटेन दौरे के दूसरे दिन बर्मिंघम में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आयोजित रोडशो में प्रतिभाग करते हुए बर्मिंघम के विभिन्न उद्योगपतियों के साथ बैठक की। बर्मिंघम में आयोजित रोडशो दौरान शिक्षा, आईटी, हेल्थ, मैनुफैक्चरिंग इण्डस्ट्री से जुड़े 250 से अधिक डेलिगेट्स ने प्रतिभाग किया। रोड शो के दौरान विदेशी निवेशकों ने राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से विभिन्न नीतियों के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी निवेशकों को आगामी दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट हेतु आमंत्रित किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री धामी ने सभी निवेशकों को उत्तराखण्ड सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बर्मिंघम शहर ऐतिहासिक शहर है और यह उद्योग के क्षेत्र में प्रमुख स्थान रखता है। मुख्यमंत्री ने लंदन और बर्मिंघम में रह रहे समस्त भारतीय एवं उत्तराखण्ड के निवासियों का उनके अपार स्नेह हेतु आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड हिमालय की गोद में बसा राज्य है जो प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की शांतिप्रिय वादियां एवं काम करने के लिए अनुकूल वातावरण इसे अन्य स्थानों से भिन्न बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट की थीम को "पीस टू प्रोसपेरिटी" रखा गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड भारत की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से भी महज कुछ दूरी पर है, बेहतर रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी से सीधा जुड़ा है लिहाजा उत्तराखण्ड में निवेश के लिए अपार सम्भावनाएं हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हाल में ही भारत ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में जी 20 का सफल आयोजन किया है। इस पूरी दुनिया के सामने भारत ने अपने कुशल नेतृत्व को सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रयान मिशन की सफलता के साथ ही अपनी दूरगामी सोच को सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में भारत और प्रत्येक भारतवासी के मान सम्मान और स्वाभिमान में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में निवेश करने वाले देशों में ब्रिटेन आठवें नंबर का देश है जिसकी 600 से अधिक औद्योगिक इकाइयां पूरे देश में कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बर्मिंघम में मौजूद भारत के प्रमुख कौंसुलावास का भी आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया।

### तीसरे दिन 3 हजार करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू किए गए साइन

**संवाददाता** लंदन। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ब्रिटेन दौरे के तीसरे दिन भी दुनियाभर के कई निवेशकों के साथ बैठकों का दौर जारी रहा। आज लंदन मे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा दो कंपनियों के साथ 3 हजार करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन किए गए जा चुके हैं। जिसमें आगर टेक्नोलॉजी के साथ 2 हजार करोड़ का एमओयू साइन किया गया। आगर टेक्नोलॉजी द्वारा उत्तराखण्ड में लिथियम बैटरी प्लांट्स में निवेश करने की सहमति जताई गई। इसी क्रम में आज फिरा बार्सिलोना के साथ 1 हजार करोड़ का एमओयू साइन किया गया। फिरा बार्सिलोना यूरोप का प्रतिष्ठित ग्रुप है जो कि कन्वेंशन सेंटर और इवेंट्स मैनेजमेंट में काम करती है। प्रदेश सरकार की ओर से सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय ने एमओयू में साइन किए। इसके अतिरिक्त इज माई ट्रिप के साथ भी दो एमओयू किए गए। इसमें राज्य समर्थित ओटीए बनाए जाने और पर्यटन के लिए विश्व में उत्तराखंड का प्रमोशन करने पर इज माई ट्रिप ने सहमति दी।

# निरीक्षण के दौरान लार्वा पाये जाने पर वसूला जा रहा अर्थदण्ड

**निरीक्षण**

■ शहर में चलाया जा रहा डेंगू मच्छर के प्रसार, लार्वा का निरीक्षण एवं जन–जागरूकता अभियान

**संवाददाता**

देहरादून। शहर में गुरुवार को जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा गठित डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण एवं जन–जागरूता टीम एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने अपने–2 वार्डो एवं कार्यक्षेत्रों में पहुचकर डेंगू मच्छर के प्रसार, लार्वा का निरीक्षण एवं करते हुए जन–जागरूकता अभियान चलाया। अभियान में टीम द्वारा प्रचार सामाग्री वितरण, फॉगिंग, लाउडस्पीकर के माध्यम से डेंगू



के बारे में लोगों को जागरूकता करते हुए, घरों/प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लार्वा पाये जाने पर अर्थदण्ड वसूला जा रहा है। अभियान के तहत समस्त वार्डों में फॉगिंग, जन जागरुकता आज के साथ ही अर्थदंड की कार्यवाही की जा रही है। वार्ड नम्बर 94 नत्थनपुर में टीम के सदस्यों के साथ संयुक्त रूप से लोअर नत्थनपुर में लाउडस्पीकर एवं प्रचार सामग्री के साथ सघन जागरूकता अभियान चलाया गया।

गुरुवार को डेंगू मलेरिया अधिकारी डॉ सुभाष जोशी ने सचिवालय पंहुचकर टीम के साथ सघन डेंगू उन्मूलन अभियान के तहत परिसर में स्थापित कार्यालयों में कूलर, गमले, टंकी, आदि को देखा इस दौरान सचिवालय में फॉगिंग भी कराई गई। इस दौरान उपस्थित सुरक्षा कार्मिकों एवं अन्य कार्मिकों को डेंगू से बचाव के हेतु जनजागरूक किया तथा पम्पलेट भी बांटे।

इस अवसर पर जिला डेंगू मलेरिया अधिकारी सुभाष जोशी, सैनेट्री सुपरवाईजर अनंत विभोर, आशा शोभा यादव, लैब टैक्निशियन आशीष किमोठी आदि उपस्थित रहे।

### धामी सरकार के दायित्व बांटे जाने पर आप ने जताई आपत्ति

**संवाददाता** देहरादून। गुरुवार को आम आदमी पार्टी के गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनन्द ने एक बयान जारी कर प्रदेश की धामी सरकार द्वारा दायित्व बांटे जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के आर्थिक हालत किसी से छुपे नहीं है जहां उत्तराखंड पर 70 हजार करोड़ का कर्जा है वहीं प्रदेश की भाजपा सरकार दायित्व के रूप में अपनों को रेवड़िया बांट रही है। उन्होंने कहा यह है तो वही मिसाल हुई कि 'घर में नहीं दाने अम्मा चली भुनाने' उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि जहां एक और प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं एवं डेंगू जैसी बीमारियों से जूझ रहा है और प्रदेश सरकार के पास कल्याणकारी योजनाओं के लिए पैसा नहीं है क्या ऐसे में दायित्व बांटना उचित और उत्तराखंड के हित में है ? रविंद्र ने कहा इस वक्त उत्तराखंड की जनता त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices

All Apple Touch Phones & Tablets

All Android Touch Phones & Tablets

All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News

Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।

संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701

pagethreedaily@gmail.com

आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।